# Recommendation of DFO

1. वन मण्डल सिंगरौली के अंतर्गत प्रस्तावित रकवा 1397.57 हे0 जिसमें राजस्व भूमि 62.22 हे0 एवं वनभूमि 1335.35 हे0 वन परिक्षेत्र बैढ़न के कक्ष कमांक RF 353, 354, 356, 361 वन परिक्षेत्र माड़ा के कक्ष कमांक RF 534 वन परिक्षेत्र पूर्व सरई के कक्ष कमांक RF 362, 363, 364, 370, 371, 372, 373, 337, 357, 360, 377 वनभूमि है।
2. वन मण्डल सिंगरौली के अंतर्गत प्रस्तावित रकवा 1397.57 हे0 जिसमें राजस्व भूमि 62.22 हे0 एवं वनभूमि 1335.35 हे0 वन संरक्षण अधिनियम 1980 (2) नियम 2003 के तहत मेसर्स स्ट्राटाटेक मिनेरल रिर्सोसेस प्राइवेट लिमिटेड अन्तर्गत वन भूमि धिरौली कोल ब्लाक हेतु प्रस्तावित है।
3. वन मण्डल सिंगरौली अन्तर्गत प्रस्तावित वनभुमि कक्ष कमांक RF 373 वनमण्डल के प्रचलित कार्य आयोजना श्री राजीव मिश्रा भा.व.से. सत्र 2019–20 से 2028–29 के आलेख भाग–2 के पृष्ठ कमांक 442 के अनुसार हाथी कोरीडोर मे संम्मिलित है।
4. वन मण्डल की कार्य आयोजना में हाथी कोरीडोर के संबंध में निम्नानुसार प्रावधान किया गया है।

   (अ) 16.6 (9)– कोरीडोर में किसी भी प्रकार का कार्य जिससे कॉरीडोर की निरंतरता में व्यावधान उत्पन्न होता हो जैसे स्थायी भवन निर्माण, डिपो की स्थापना, लेबर कैम्प की स्थापना तथा अन्य स्थाई निर्माण कार्य आदि नहीं किये जावेंगे।

   (ब) 16.6 (10)– कोरीडोर में स्थित कक्षों को यथा संभव गैर वानिकी उपयोग हेतु हस्तानांतरित नहीं किया जाये। यदि ऐसा करना अवश्यंभावी हो तो सर्वप्रथम कॉरीडोर की स्थापना की जाये।
5. कार्य आयोजना के उक्त प्रावधान एवं अन्य (1–18) का पालन सुनिश्चित करने की शर्त पर स्वीकृति की अनुशंसा की जाती है।

वन मण्डल अधिकारी
वन मण्डल सिंगरौली